संक्षिप्त

अवैध शराब सहित एक जना पकड़ा

दूदू, (निसं)। स्थानीय थाने की पुलिस ने कार्यवाही कर पडासोली साखुन रोड पर एक दुकान में अवैध रूप से ब्रिकी की जा रही शराब बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार। थाना अधिकारी मौहमद इमरान के नेतृव में टीम ने मुकेश रैगर निवासी नरेना को गिरफ्तार कर बीयर की 86 बोतल व देशी तथा अंग्रेजी शराब के 608 पव्वे व 1050 रूपये नगद बरामद कर कार्यवाही शुरू दी है।

संतों की शोभा यात्रा निकाली

दूदू, (निसं)। शहर में स्थित खीवण जी महाराज की सकल पंच बलाई समाज द्वारा महराज गोविन्ददास महाराज के सानिध्स में विशाल कलश व संतों की शोभा यात्रा निकाली गई। समाधि स्थल से शोभा यात्रा शुरू की जाकर मुख्यमार्ग से होते हुए मंदिर तक पहुंची जहां सत्संग का आयोजन किया। इस दौरान महिलाएं पुरूष रंग बिरगे परिधानों में नजर आये।

4 घंटे बिजली बंद रहेगी

श्रीमाधोपुर, (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्रीमाधोपुर के कनिष्ट अभियंता संदीप द्विवेदी ने बताया कि, सोमवार को सुबह सात से दोपहर ग्यारह बजे तक कचियागढ व गणेश मंदिर फीडर , जिसमे गोशाला बाजार, कचियागढ, खंडेला रोड़ गणेश मंदिर, गणेश नगर, नया कोर्ट, बृहमचारी मोड़, पुष्पनगर व इनके आसपास के क्षेत्र कि विधुत सप्लाई सुबह चार घंटे बंद रहेगी।

जागरण के सहयोगियों का सम्मान किया

श्रीमाधोपुर, (निसं) । एक शाम गऊमाता के नाम से द्वितीय जागरण में नि:शुल्क सहयोग करने वालों का श्रीराम गऊ नंदीशाला प्रांगण में सम्मान किया गया । जिसमें सेवा देने वाले वर्षा स्टूडियो के विशाल सैनी, जनरेटर की सेवा के लिए महिपाल जाट, प्रचार स्पीकर के लिए मांगीलाल जांगिड़, गायक अशोक शर्मा, लाइट की सेवा के लिए कैलाश यादव, स्टेज की सजावट के लिए मामराज सैनी व जेपी चौधरी, टेंट के लिए कैलास सामोता डेरावाली, गोरधन सैनी, प्रचार में कृष्ण आसीवाल, विकास सैनी, चरण सिंह शेखावत आदि का सम्मान किया।

अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

अलवर, (निसं)। ई.आर.सी.पी. को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने में केंद्र की भाजपा सरकार की असफलता को उजागर करने के लिये जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि अलवर जिले की तिजारा, किशनगढ़ बास, मुण्डावर, बहरोड़, बानसूर, रामगढ़, अलवर ग्रामीण, अलवर शहर, थानागाजी, राजगढ,

- ई.आर.सी.पी. को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने में केंद्र सरकार की असफलता बताया

केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन किया।

कठूमर विधानसभा क्षेत्रों में ईआरसीपी मुद्दे पर भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने खाली बर्तनों/ मटकों/ मिट्टी के खाली घड़ों के साथ विरोध प्रदर्शन किया।

अलवर शहर में नंगली सर्किल पर कांग्रेसजनों ने भाजपा का धोखा, ईआरसीपी को रोका, कांग्रेस ने ठाना है, नहर तो बनाना है एवं मोदी तेरी तानाशाही, नहीं चलेगी आदि के नारे लगाये और खाली मटकों को फोड़कर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा की ईआरसीपी परियोजना पूर्वी राजस्थान के अलवर सहित 13 जिलों की समृद्धि का द्वार है और पिछले 10 सालों से बीजेपी की केंद्र सरकार ने अपने वादे से मुकरते हुए इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिया है केंद्र सरकार के राजस्थान की जनता के साथ इस तरह के सौतेले व्यवहार तथा अलवर के भाजपा सांसद बालकनाथ एवं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की इस मुद्दे पर भयानक चुप्पी ने आम जनमानस के सब्र की लगातार परीक्षा ली और वादाखिलाफी व हितों के साथ कुठाराघात किया है ।

मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

टोंक, (निसं)। विधानसभा चुनाव-2023 की तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. ओम प्रकाश बैरवा एवं पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने रविवार को मतगणना स्थल (राजकीय पी.जी. महाविद्यालय) बहीर रोड का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मतगणना के लिए कमरों की व्यवस्थाओं को जांचा एवं सभी कक्षों में रंग-रोगन, बिजली, जनरेटर एवं सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने चारों विधानसभाओं के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम, काउंटिंग रूम, मीडिया रूम, ऑब्जर्वर सहित बनाये जाने वाले विभिन्न काउंटर स्थल, मतदान दलों के प्रशिक्षण दलों के लिए टेंट, पानी, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) डॉ. सूरज सिंह नेगी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके सिंह, प्राचार्य लोकेश शर्मा, तहसीलदार रामधन गुर्जर, जिला परिवहन अधिकारी संपत वर्मा, मास्टर ट्रेनर विमल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

अग्रसेन जयंती पर कई कार्यक्रम हुए

किशनगढ़ बास, (निसं)। अग्रवाल समाज की ओर से अग्रसेन जयंती अनेक कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाई गई। अग्रवाल समाज संस्था के संरक्षक संजय सिंघल ने बताया कि अग्रसेन जयंती पर समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। अस्पताल में मरीजों को फल वितरण के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

गंज रोड स्थित गुलाब देवी धर्मशाला से प्रात: प्रभात फेरी निकाली गई। इसके उपरांत झंडा रोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को फल वितरित किए गए। दोपहर बाद कस्बे के मुख्य मार्गों से अग्रसेन महाराज की भव्य झांकियां के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

इसके उपरांत सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपचंद खेरिया पूर्व विधायक रामहेत यादव अलवर शहर पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल जिला अध्यक्ष हुकुमचंद गर्ग नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल पार्षद मीनाक्षी मनोज मित्तल पार्षद पुष्पा राजेंद्र सिंघल आदि रहे।

प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन पर जिलाध्यक्ष की प्रेस कॉन्फ्रेंस

कोटपूतली, (निसं)। कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में घोषित भाजपा प्रत्याशी के विरोध में शनिवार को जयपुर प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर टिकट के दावेदार रहे मुकेश गोयल के समर्थकों व भाजपा के करीब 400 से अधिक दायित्वान कार्यकर्ताओं द्वारा दिये सामुहिक पद त्याग के बाद भाजपा नेतृत्व में बोखलाहट की स्थिती सामने आने लगी है।

- जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि, नाराज कार्यकर्ताओं को जल्द ही मना लिया जाएगा।
- लेकिन रूठे कार्यकर्ताओं को मनाना भाजपा के लिए कांटों की सेज पर चलने से कम नहीं

विगत रोज भाजपा मुख्यालय पर किये गये प्रदर्शन को लेकर रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा ने प्रेसवार्ता कर दावा किया कि, नाराज कार्यकर्ताओं को जल्द ही मना लिया जाएगा। किन्तू भाजपा के लिए नाराज कार्यकर्ताओं को मनाना किसी कांटों की सेज पर चलने से कम नहीं होगा। नाराज कार्यकर्ताओं का कहना है कि टिकिट वितरण के दौरान जमीनी सर्वे को दर किनार कर पार्टी नेतृत्व द्वारा टिकिट मांग रहे करीब एक दर्जन से अधिक मजबूत कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखा कर पार्टी में अंतर कलह बनाने का काम किया है। फिर भले ही चाहे एक-आद प्रतिशत पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को मनाने में कामयाब हो जाएं लेकिन फिर भी इस अंतर कलह का खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा। क्योंकि पिछले 2018 विधानसभा चुनाव में वर्तमान भाजपा प्रत्याशी हंसराज पटेल का टिकिट कटने व मुकेश गोयल को टिकिट देने के बाद भी यही समीकरण बने थे, इसलिए इस बात से कदापी इन्कार नहीं किया जा सकता कि इस बार नाराज भाजपा कार्यकर्ता एक जाजम पर बैठ पायेंगे और यदि बैठ भी गये तो फिर भीतरघात को रोक पाना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगा। हालांकि भाजपा प्रत्याशी हंसराज पटेल इन दिनों अपने जातिगत समीकरणों कि जुगत बैठाने में लगे हैं। अब देखना यह होगा कि भाजपा के जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा अपने दावों पर कामयाब होगें या इस बार भी कोटपूतली विधानसभा की सीट भाजपा के खाते से छिटक कर तीसरे मोर्चे की जीत बनेगी।

हालांकि भाजपा जिलाध्यक्ष ने यह भी दावा किया है कि पार्टी के नेता उनके संपर्क में हैं और कोटपूतली में मजबूती और एकजुटता के साथ भाजपा चुनाव लडकर जीत हांसिल करेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कोटपूतली में भाजपा भ्रष्टाचार, अपराध और विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त जनता लंबे समय से चुनाव का इंतजार कर रही थी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव में विरोध होना कोई बड़ी बात नहीं है। पिछले चुनाव में जब मुकेश गोयल भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े तो उनका भी विरोध हुआ था, किन्तु पार्टी ने मजबूती के साथ चुनाव लडकर शानदार प्रदर्शन किया। केन्द्रीय नेतृत्व ने काफी सोच-समझकर और हर पहलुओं को ध्यान में रखकर हंसराज पटेल को प्रत्याशी घोषित किया है। कुछ नाराज कार्यकर्ताओं ने जयपुर जाकर अपना रोष प्रकट किया, लेकिन जो भी कार्यकर्ता टिकट का विरोध कर रहे हैं, उनसे लगातार बातचीत की जा रही है।

दूसरी और नाराजगी जता रहे भाजपाईयों का कहना है कि जब तक प्रत्याशी बदला नहीं जाता तब तक भाजपा के झंडे जलाने वाले प्रत्याशी को स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हीरालाल रावत, संयोजक जयराम गुर्जर, चुनाव प्रभारी नरेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रम सिंह तंवर, जिला मंत्री रविन्द्र सिंह शेखावत, नगर अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष रमेश रावत, भाजपा नेता दिनेश कमांडेंट, उप प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र रहीसा, धर्मपाल गुर्जर, नरेन्द्र कुमार, पुरणमल भरगड़ व पूर्व जिला पार्षद धुड़ सिंह शेखावत सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ब्राह्मण समाज की पांच दर्जन प्रतिभाएं सम्मानित

राजगढ़, (निसं)। कस्बे की ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण समाज की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया। इसमें करीब पांच दर्जन प्रतिभाएं सम्मानित हुई।

सम्मान समारोह में ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष विशंभर दयाल शर्मा ने कहा कि समाज में जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों से जुड़े प्रतिभाओं के आगे बढ़ाने में सभी त्याग एवं समर्पण भाव के साथ उत्थान का संकल्प लें। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन में सभी के सहयोग की अपेक्षा जताई। प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं गणेश वंदना के साथ धूमधाम से हुआ। सचिव प्रदीप शर्मा ने बताया कि, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार की अध्यक्षता में प्रतिभा सम्मान आयोजित किया गया। मदन लाल शर्मा एवं दिनेश शास्त्री के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में अमन भारती महाराज, ब्राह्मण महासभा ज़िला अध्यक्ष विशंभर दयाल शर्मा महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा उपाध्यक्ष आकाश मिश्रा मनीष तिवाड़ी जगराम पहलवान , औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष गोपेश शर्मा रामकिशन शर्मा व पूर्व अध्यक्ष संत ज्ञानेश्वर सहित अन्य का माला व साफ़ पहना कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम संयोजक मदनलालशर्मा व दिनेश शास्त्री ने बताया की प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10 एवं 12 के छात्र-छात्राओं के साथ राजकीय सेवा में नव नियुक्ति प्राप्त करने वाले करीब पांच दर्जन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया गया। इस अवसर पर सूरवेश्वर दयाल शर्मा,अशोक पालीवाल, कपिल जैमन, राहुल दीक्षित, प्रकाश दीक्षित, राजेश शर्मा मंत्री पेंशनर समाज, विनोदीलाल दीक्षित, मोहन बोहरा, कुलदीप गांगावत, योगेश वशिष्ठ, देवेंद्र पसोरिया, संजय पटेल, मूलचंद कारोठ, रामवतार सिद्ध व काफ़ी संख्या में समाज बंधु एवं महिलाएं मौजूद रहे।

शिविर में 88 मरीज लाभान्वित

श्रीमाधोपुर, (निसं)। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा 416 वां नि:शुल्क पाक्षिक होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श शिविर स्व. चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन श्रीमाधोपुर में आयोजित किया गया। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि शिविर में 88 मरीजों ने लाभ प्राप्त के किया। क्लब द्वारा अब तक आयोजित 415 पाक्षिक शिविरों में 46 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ प्राप्त किया है। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज की और से इस तरह के शिविर हर माह के दूसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किये जाते है। इनमे डॉ. एस. एल. चौधरी द्वारा चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, जुखाम, एलर्जी, माइग्रेन, इनफेक्शन एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजो को नि:शुल्क परामर्श दिया जाता है।

भ्रामक खबर फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही

दौसा, (निसं)। विधानसभा आम चुनाव-2023 के तहत जिले में आदर्श आचार संहिता लगने के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी के निर्देशन में सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों की रोकथाम के लिए एडवांस टैक्नोलोजी युक्त नियंत्रण कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष में टोल फ्री नम्बर 1950 या दूरभाष नम्बर 01427-224903 पर भ्रामक खबरों के बारे में जानकारी दी जा सकती है ।

जिस पर नियंत्रण कक्ष में नियुक्त अधिकारी तुरंत एक्शन लेकर निर्धारित कार्यवाही अमल में लायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2023 के मद्देनजर जिले में सोशल मीडिया पर चुनाव के सम्बंध में भ्रामक खबरों के वायरल होने की सम्भावना अधिक होती है ऐसे में भ्रामक खबरों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एडवांस टैक्नोलोजी युक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि सूचना केंद्र में संचालित एमसीएमसी प्रकोष्ठ में बड़ी स्क्रीनों पर फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब, वाट्सअप ग्रुप एवं पब्लिक ऐप पर निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव संबंधी भ्रामक सूचनाओं, धार्मिक भावनाओं को भडकाने वाले कंटेंट्स, धारा-144 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाली सूचनाओं पर निगरानी रखकर भेजने वाले मूल स्त्रोत तथा फॉरवर्ड करने वाले व्यक्तियों की पहचान एडवांस टैक्नोलोजी के माध्यम से की जायेगी।

सार-समाचार

बेटी के जन्मदिन पर रक्तदान किया

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में जारी रक्तमणि अभियान में रविवार को अमित सिंह पुत्र जयपाल सिंह शेखावत निवासी ग्राम बुटेरी, बानसूर ने अपनी बेटी के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस मौके पर सन्दीप सिंह पुत्र जयपाल सिंह शेखावत निवासी ग्राम बुटेरी बानसूर ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान अभियान संयोजक मुकेश गोयल समेत अन्य मौजूद रहे।

प्रतिभाओं व भामाशाहों का सम्मान किया

मंडावरी, (निसं)। कस्बे में आयोजित अग्रसेन जयंती के दो दिवसीय महोत्सव का रविवार को विधिवत समापन किया गया। अग्रसेन जयंती के मौके पर दो दिवसीय आगरा महोत्सव के दौरान अग्रवाल समाज की विभिन्न क्षेत्र की प्रतिमाओं द्वारा खुद के कौशल का सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। रविवार को आयोजित दो दिवसीय आगरा महोत्सव के समापन में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जहां विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभावान प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समापन समारोह के मौके पर मंडावरी कस्बे में अग्रसेन महाराज की जीवंत जातियों का प्रदर्शन कर उन झांकियां को मंडा और कस्बे के विभिन्न गली मोहल्लों चौराहा बंजारों आदि से निकलकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। समापन समारोह में रंगोली प्रतियोगिता एवं इसके बाद सम्मान समारोह एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र महारिया उपाध्यक्ष गिरधारी लाल मंगल महामंत्री दिनेश मेहरावंड सह मंत्री रवि कुमार खेड़ा वाले सह कोषाध्यक्ष मिथिलेश गर्ग कोषाध्यक्ष दामोदर चौधरी इसी तरह अग्रवाल महिला मंडल से अध्यक्ष ममता अग्रवाल उपाध्यक्ष रेनू सराफ महामंत्री तीन गुप्ता सह मंत्री प्रीति गुप्ता कोषाध्यक्ष प्रीति गोयल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता उपाध्यक्ष अनु मित्तल महामंत्री सचिन मित्तल कोषाध्यक्ष गौरव मित्तल सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई अग्रसेन जयंती

सांभरझील, (निसं)। यहां अग्रवाल समाज की ओर से धूमधाम और हषोल्लास साथ अग्रसेन महाराजा की जयंती मनाई। सांभर देवयानी तीर्थ स्थल पर अग्रवाल समाज की महिलाओं और बच्चों ने भी अनेक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां पेश की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतियोगिता में भागीदारी निभाई। तीन दिन तक चले समाज के प्रोग्राम में होनहार बच्चों को प्रोत्साहित करने व उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं आयोजन करवाया गया। इससे पहले भी पुरानी धान मंडी स्थित अग्रवाल समाज की धर्मशाला से अग्रसेन महाराजा की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर तथा आरती के पश्चात शोभा यात्रा को रवाना किया गया। शोभा यात्रा में अनेक बच्चों ने भगवान का रूप धारण कर जीवंत झांकी के जरिए लोगों को आकर्षित किया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, महिला मंडल की सदस्यों सहित अनेक ने अपना-अपना वांछित योगदान दिया।

जोबनेर ज्वाला मैया की पदयात्रा रवाना

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के श्रीरामनगर स्थित शिव मन्दिर परिसर से रविवार को प्रात: 9:15 बजे जय माता दी पदयात्रा समिति श्री रामनगर फुलेरा के तत्वावधान में श्री ज्वाला मैया जोबनेर के लिए 13 वीं पदयात्रा रवाना हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बेलूबाई के महन्त सत्यनारायण महाराज, हरसिद्धि हनुमान मन्दिर के महन्त त्रिलोकी दास महाराज रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत, समाजसेवी उर्मिला देवी सुरोलिया, दिनेश सुरोलिया, दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अशोक वासदेव, समाजसेवी तेजकरण सैनी, पार्षद सरदार चौधरी, यतेन्द्र झांकड़ा, कमला ढेनवाल, राजेन्द्र वर्मा रहे। पदयात्रा रवानगी से पूर्व अतिथियों का समिति द्वारा पगड़ी व दुपट्टा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। वही माता के रथ को विद्वान पण्डित शिवनारायण शर्मा द्वारा पूर्ण मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा अर्चना करवाई गई। इसके बाद अतिथियों द्वारा पदयात्रा रथ को झण्डी दिखाकर शाही लवाजमे के साथ रवाना की गई।

राम-भरत मिलाप की लीला देख दर्शक हुए भाव विभोर

पावटा, (निसं)। आदर्श रामलीला मंडल पावटा में राम वन गमन के बाद सुमंत विलाप व दशरथ मरण व भरत का अपने भाई श्रीराम को मनाने जाना जैसे मार्मिक दृश्यों व संवादों से दर्शकों की आंखों से अश्रुधारा बह निकली।

सुमंत(मोहन गौड) का दशरथ (महेश पारिक) के आदेशनुसार श्री राम

- सुमंत विलाप, दशरथ का पुत्र के वियोग में प्राण त्यागना आदि लीला का मंचन किया

आदर्श रामलीला मंडल पावटा में राम वन गमन के बाद सुमंत विलाप व दशरथ मरण व भरत का अपने भाई श्रीराम को मनाने जाना जैसे मार्मिक दृश्यों व संवादों से दर्शक भावुक हो गये।

(लक्की भारद्वाज) लक्ष्मण (शुभम शर्मा) जानकी (विजय सोनी) को वापस अयोध्या लौटने की जिद करना व उनके नहीं लौटने पर अयोध्या विलाप करते हुए वापस लौटना, दशरथ(महेश पारिक) का राम के वियोग में प्राण त्यागना जैसे मार्मिक दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। वहीं दशरथ (महेश पारिक) की मृत्यु के बाद जब भरत व शत्रुघ्न अपने ननिहाल से वापस आना व भरत (दीपक भारद्वाज) द्वारा माता कैकयी (मुकेश सोनी) पर क्रोधित होना व माता कोशल्या (मुकेश प्रधान) को मनाना व भगवान राम को मनाने वनों में जाना, निषादराज (विकास पुजारी) से भेट, भरत (दीपक भारद्वाज) को समझा-बुझाकर प्रभु श्रीराम (लक्की शर्मा) वापस भेजना, भरत का खड़ाऊं लेकर अयोध्या लौटना जैसे मार्मिक प्रसंगो को देख दर्शक अपनी आँखों मे आंसू नही रोक पाए व भाव विभोर हो गए। वही भील नृत्य देख कर लोग आनंदित हुए। वही लीला में व्यास गद्दी पर बैठे मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा द्वारा उच्चारित चौपाईयों व स्थानीय कलाकारों ने अपनी अदाकारी से मौजूद लोगों का मन मोहा। इस मौके पर आदर्श रामलीला मंडल पावटा वरिष्ठ कार्यकर्ता अमरनाथ पटेल, महेश पारिक, कुलदीप पटेल, कुंजीलाल जागीरदार व संरक्षक उमेश टांक, सुभाष गोयल, वीरेंद्र बंसल द्वारा आगंतुक अतिथियो गोपाल भैया मंदिर महंत मोहनदास महाराज, ब्रह्मजोड़ी हरिदास महाराज, पावटा प्रधान पूजा चौधरी, संरक्षक वीरेंद्र बंसल, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला, पावटा ब्रह्म समाज नगर अध्यक्ष सुरेश नयाबासी, वार्ड पार्षद विजय गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि व भामाशाहों का दुपट्टा पहनाकर व प्रतिक चिन्ह के रूप में राम दरबार की फोटो देकर स्वागत किया गया।

घर-घर हुई मां दुर्गा की आराधना

मालपुरा, (निसं)। रविवार को नवरात्रा शुभारम्भ पर घर-घर मां दुर्गा की आराधना व घट स्थापना हुई। क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सिंधोलिया माताजी, जलदेवी माता, ऊणा माता, चांदसेन माता सहित हनुमान मंदिरों में घट स्थापना के साथ अखण्ड रामचरितमानस के पाठ पूजा अर्चना के साथ शुरू किये गये।

मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां सजाई गई। सिंधोलिया माता मंदिर में लम्बी कतारों में लग गुफा में बिराजी माता रानी के समक्ष भक्तों ने ढोक लगा मनौतियां मांगी। घाणा के बालाजी, फलोदी बालाजी, बारादरी बालाजी, घाटवाले बालाजी सहित अरावली पर्वत की कंधराओं में विराजमान घाटीवाले बालाजी मंदिर दरबार में भक्तों की भीड़ रही। आदर्श नगर शिव मंदिर से 17वीं पैदल यात्रा मुख्य मार्गों से होकर घाटी बालाजी पहुंची। वहीं क्षेत्र के राजपुरा गांव में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने सस्त्र पूजन कर संघघोष की मधुन स्वर लहरियों पर कदम ताल मिलाते पथ संचलन निकाला। वहीं महाराजा अग्रसेन की जयंती पर अग्रवाल समाज द्वारा पारसनाथ जैन मंदिर गांधी पार्क से भगवान अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली।

तिजारा पहुंचे बालक नाथ का समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

तिजारा पहुंचे महंत बालक नाथ योगी का कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।

तिजारा, (निसं)। तिजारा विधानसभा सीट पर भाजपा ने सांसद महंत बालक नाथ योगी को उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद पहली बार तिजारा पहुंचे महंत बालक नाथ योगी का कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बुलडोजर चलाकर बाबा ने भ्रष्टाचारियों, माफियाओं एवं चोरी लूट की वारदात कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों को मीडिया के माध्यम से संदेश दे दिया है की ऐसे लोगों की दुकान अब और चलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि, पार्टी ने जनता की सेवा के लिए मुझे तिजारा भेजा है और जनता की सेवा करना ही मेरा जीवन है। भाजपा सब जाति धर्म को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। सबका विकास और सबका साथ ही हमारा नारा है। राजस्थान में बड़ते भ्रष्टाचार और अपराध को रोकना है। पूर्व विधायक मामन सिंह यादव के सवाल पर महंत बालक नाथ ने कहा सब लोग पार्टी के साथ है।

बालक नाथ ने हनुमान मंदिर में पहुंचकर महा आरती में शामिल हुए। विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की इसके बाद में चंद्र प्रभु भगवान के दर्शन किए भैरव मंदिर में दर्शन किए इसके पश्चात होली चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व सभापति संदीप दायमा भिवाड़ी प्रधान जेपी यादव, मनोज नंबरदार, अध्यक्ष नागेंद्र सैनी, योगेश गुप्ता, कपिल गुप्ता, विष्णु गोड, महेंद्र सैनी, मुकेश जैन , महंत जस्सू सैनी, कंचन तिवारी, रणजीत यादव, हिमांशु कटारिया, कुणाल सुनारिया, बनेसिंह बिधूड़ी, ओमप्रकाश गुप्ता, संजय जैन, दीपक गुप्ता, सहित भारी संख्या में मौजूद रहे।